cfa.vic.gov.au/languages

क्या मैं आग से संबंधित काम कर सकता हूँ?

साल के गरम महीनों में CFA द्वारा राज्य के विभिन्न हिस्सों में आग के ख़तरे की अवधियाँ (Fire Danger Periods) घोषित की जाती हैं। जिन दिनों में आग तुरंत फैल सकती है और उस पर नियंत्रण पाना मुश्किल होता है, उन दिनों में, आप आग से संबंधित कामों में से कौन से काम कर सकते हैं और कौन से नहीं, इस बारे में प्रतिबंध होते हैं।

क्या मैं आग से संबंधित गतिविधियाँ कर सकता हूँ?

आग के ख़तरे की अवधियाँ (Fire Danger Periods)

आग के ख़तरे की अवधि (Fire Danger Period) के दौरान, वैल्डिंग, सोल्डरिंग, ग्राइंडिंग, गैस कटिंग, रेल रखरखाव, डामर गर्म करने, धूम्रपान करने या ऊष्मा का प्रयोग करते हुए शहद निकालने जैसे काम, बाहर खुले में करने की अनुमति नहीं है, जब तक कि:

- चिंगारियों, गर्म धातु या स्लैग (धातु का मैल) को रोकने के लिए एक अग्नि-रोधक शील्ड या गार्ड लगा हुआ न हो।
- जहाँ काम किया जाना है उस जगह से कम से कम 1.5 मीटर तक कोई भी ऐसी चीज़ नहीं हो जो जल सकती है, या आग फैलने से बचाव के लिए उस जगह को पर्याप्त रूप से गीला न कर दिया गया हो।
- आपके पास नल से जुड़ा हुए एक पाइप, पानी से आग बुझाने वाला उपकरण या कम से कम 9 लीटर पानी से भरा हुए एक थैला (नैपसैक) न हो।
- उस काम से उत्पन्न सारे कटे हुए टुकड़े (छोटे-बड़े) और गर्म धातुएँ एक फायर-प्रूफ डिब्बों में न रखे जाएँ।

आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध वाले दिन (Total Fire Ban Days)

आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध वाले दिनों (Total Fire Ban Days) में, वैल्डिंग, ग्राइंडिंग, और आग से संबंधित गतिविधियाँ करने की अनुमति नहीं है।

सीमित परिस्थितियों में, CFA, ऊर्जा विभाग, वातावरण और जलवायु एक्शन (DEECA) या अग्नि बचाव विक्टोरिया (FAV) द्वारा आग पर पूर्ण प्रतिबंध वाले दिनों (Total fire Ban Days) में इन गतिविधियों के लिए एक परमिट दिया जा सकता है। अगर आपका काम ज़रूरी है और उसे टाला नहीं जा सकता है, तो आप cfa.vic.gov.au/languages पर एक परमिट के लिए आवेदन कर सकते हैं।

और अधिक जानने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।
साथ मिलकर हम आग से सुरक्षित रह सकते हैं।